हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 29 नवंबर 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 ट्रेन की चपेट में आने से दो की मौत कार की टक्कर से...



07 ड्रग इंस्पेक्टर दो दिन से लगातार मेडिकल...



## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री ने बांटे खिलाड़ियों को पुरस्कार



**विदिशा।** सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत गुलाबगंज में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खिलाड़ियों को मेडल ट्रॉफी और प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में गुलाबगंज, गुलरखेड़ी, बर्रीघाट की टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें बालक वर्ग में गुलाबगंज ने गूलरखेड़ी को 18-8 से हराया एवं बालिका वर्ग में बर्रीघाट ने गूलरखेड़ी को 18-17 से हराया।

### बच्चों को दी बाल विवाह रोकथाम की जानकारी

**विदिशा।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत आज कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करारिया एवं शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागरी में बाल विवाह रोकथाम की शपथ स्कूली बच्चों को दिलाई गई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पुलिस हेल्पलाइन 112 की जानकारी दी गई। बच्चों को बाल विवाह के बारे में विस्तार से समझाया गया। बाल विवाह की दुष्परिणाम के बारे में बताया गया। बाल विवाह रोकथाम में सेवा प्रदाताओं की भूमिका आदि की जानकारी दी गई।

### नकद इनाम की घोषणा

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी ने थाना सिरोंज जिला विदिशा में दर्ज अपराध के फरार आरोपी की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए दो हजार रुपए नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना सिरोंज में दर्ज अपराध का फरार आरोपी बलवीर पुत्र घूमन सिंह यादव निवासी सारंगपुर थाना सिरोंज जिला विदिशा की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वालो के लिए दो हजार रुपए का नगद इनाम घोषित किया गया है। सूचना देने वाला व्यक्ति चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### अजाक्स के प्रांताध्यक्ष और आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के विवादित बयान पर बवाल

# प्रदर्शन कर आईएएस का पुतला जलाया बयान को वैमनस्यता फैलाने वाला बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

अजाक्स के प्रांताध्यक्ष और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के कथित विवादित बयान के विरोध में शुक्रवार को ब्राह्मण समाज ने प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। यह बयान 23 नवंबर को आयोजित अजाक्स के प्रांतीय अधिवेशन में दिया गया।

वीडियो में संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों को निशाना बनाया गया है। वीडियो वायरल होने के बाद ब्राह्मण समाज सहित कई सामाजिक संगठनों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। संगठनों का आरोप है कि यह बयान समाज में वैमनस्यता फैलाने वाला है।

इस मामले को लेकर विदिशा में युवा ब्राह्मण विकास परिषद के बैनर तले सर्व समाज के लोगों ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए संतोष वर्मा का पुतला दहन किया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें संबंधित अधिकारी के खिलाफ आईएएस आचरण नियमों के तहत कार्रवाई और एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने भी इस बयान पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसी टिप्पणियां सभी महिलाओं की मर्यादा और सम्मान को ठेस पहुंचाती हैं। पुतला दहन में पूर्व विधायक शशांक भार्गव, भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, सुभाष बोहत, वरिष्ठ पत्रकार बृजेंद्र पांडे, राजेश जैन, विवेक शर्मा, मानवेन्द्र शर्मा, प्रशांत शर्मा, राकेश व्यास, सुजीत देवलिया, संजीव शर्मा, निरुपम सिंह परमार,अरुण अवस्थी, संजीव जैन, बद्रीप्रसाद शर्मा, रितु देवलिया, रंजना तिवारी, उर्मिला तिवारी, सोनल शर्मा, श्वेता देवलिया, दीपशिखा शर्मा, उर्मिला उपाध्याय, राजकुमारी शर्मा, रविकांत शर्मा, हेमंत पंडित, मोहित शर्मा, जिला अध्यक्ष बागेश मिश्रा, अभिषेक शर्मा, सुमित शर्मा, आरके खड्डुर, बलबीर सिंह, अभिषेक आचार्य, प्रशांत यादव, सुरेंद्र भार्गव, अजय शर्मा, धीरज शर्मा, देव हरदेनिया, प्रदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।





**विदिशा।** ब्राह्मण समाज के साथ अन्य सामाजिक संगठनों ने भी पुतला दहन में हिस्सा लिया। नारेबाजी कर आईएसए अधिकारी संतोष वर्मा का पुतला जलाया।

### ऐसा बयान देने वाले अधिकारी पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए: शशांक भार्गव

पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने बयान को महिलाओं के सम्मान के खिलाफ बताया। उन्होंने सरकार से ऐसे अधिकारी के खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की मांग की। भार्गव ने कहा कि समाज को बांटने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने इसे केवल एक वर्ग का नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज की गरिमा का प्रश्न बताया। महिला प्रदर्शनकारियों ने यह भी मांग की कि भविष्य में कोई भी अधिकारी या सार्वजनिक पद पर बैठा व्यक्ति ऐसी भाषा का प्रयोग न करे। इसके लिए एक सख्त उदाहरण पेश किया जाना चाहिए। युवा ब्राह्मण विकास परिषद और अन्य संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन तेज किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह सिर्फ एक बयान नहीं, बल्कि समाज को तोड़ने वाली सोच का मामला है, जिस पर सरकार को तुरंत संज्ञान लेना चाहिए।

# नीमताल चौराहे पर डटे पार्षद अब जनता से मांगा समर्थन

### विकास ठप, प्रशासन की 'खामोशी' पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

शहर की व्यवस्था को बदहाल बताते हुए विकास कार्यों में ही देरी का आरोप लगाते हुए विरोध में नीमताल चौराहे पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे पार्षदों ने अब जनता से लिखित समर्थन मांगा है। पार्षदों ने एक समर्थन पत्र जारी कर कहा कि शहर हित में उठाई गई उनकी मांगें पूरी तरह न्यायसंगत हैं और जनता का सहयोग इस संघर्ष को मजबूती देगा।

पार्षदों का कहना है कि विदिशा की सड़कें, नालियां, उद्यान, सफाई व्यवस्था और नदियों का संरक्षण करीब दो दशक से उपेक्षा का शिकार हैं। पार्षद बने तो वार्डों में बेहतर सुविधाएं देने का संकल्प लिया, लेकिन नगर पालिका परिषद में लगातार विवादों, अव्यवस्था और अधिकारियों की मनमानी के चलते विकास कार्य ठप हो गए। 12 नवंबर 2025 से जारी धरने को पंद्रह दिन से अधिक समय बीत जाने पर भी न शासन ने ध्यान दिया, न प्रशासन और न ही संगठन ने कोई पहल की। पार्षद धर्मेन्द्र सक्सेना, जमना कुशवाह, राजेश लोधी, अशोक जाट, सतीश यादव, दीपक कुशवाह आदि धरना दे रहे हैं। पार्षदों ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें लगता है कि यह मांगें शहरहित में हैं, तो वे अपने सुझाव और समर्थन अवश्य दें।

**यह हैं 10 मुख्य मांगें**

- रविशंकर चौराहा से स्टेशन, माधवगंज,रामलीला, बड़ा बाजार, बांसकुली, मेघदूत, तिलक चौक आदि पर सीसी रोड रद्द कर डामरीकरण कराया जाए।
- विकास कार्यों में शून्य प्रगति और भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते मुख्य नगर पालिका अधिकारी का तत्काल स्थानांतरण।
- कचरा टैक्स समाप्त कर जलकर वृद्धि वापस ली जाए।
- 39 वार्डों के निर्माण कार्यों के वर्कऑर्डर पर काम शुरू हो।
- सफाईकर्मियों की कमी वाले वार्डों में नई भर्ती की जाए।
- मां बेत्रवती तट स्थित मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण।
- बाल विहार का पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण।
- शहर में जलसंकट से राहत के लिए अमृत योजना की स्वीकृत 6 टंकियों का शीघ्र निर्माण।
- हर साल जलभराव रोकने बड़े नालों का निर्माण कर प्रभावी ड्रेनेज प्लान लागू किया जाए।
- चोरघाट नाले से बेतवा नदी में जा रहे सीवेज प्रवाह का स्थायी समाधान निकाला जाए।

# रन फॉर यूनिटी में जनसैलाब, हथियाखेड़ा से गुलाबगंज तक पदयात्रा, केंद्रीय कृषिमंत्री शिवराज सिंह शामिल

- पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पदयात्रा में हुए शामिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। पदयात्रा का शुभारंभ ग्राम हथियाखेड़ा से हुआ, जो उत्साहपूर्ण माहौल में गुलाबगंज पहुंची।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं ने शामिल होकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। आयोजन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, विधायक मुकेश टंडन, शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे, बासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी, श्यामसुंदर शर्मा, तोरण सिंह दांगी, राकेश जादौन, राकेश शर्मा, छत्रपाल शर्मा, वीरसिंह रघुवंशी आदि मौजूद रहे।



गुलाबगंज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय मंत्री चौहान ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि विदिशा लोकसभा को मॉडल लोकसभा के रूप में विकसित किया जाएगा। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। कार्यक्रम के तहत खेल महोत्सव का भी आयोजन किया गया, जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहीं। विजेता टीमों को मंच पर सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन में स्थानीय नागरिकों का उत्साह देखते ही बनता था।

### देसी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**शमशाबाद।** शमशाबाद पुलिस ने विशेष चेकिंग के दौरान शमशाबाद के भगवानपुर रोड स्थित नर्सरी के पास दो संदिग्ध सद्दाम खान रायसेन और तयूब खान नूंह, हरियाणा को रोककर पूछताछ की। तलाशी में तयूब खान से एक देसी कट्टा व जिंदा कारतूस, जबकि सद्दाम खान से बिना नंबर की नीले रंग की टीवीएस स्टार सिटी बाइक बरामद की गई। दोनों के खिलाफ थाना शमशाबाद में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। जिलेभर में एक साथ पुलिस द्वारा गुंडे बदमाशों की जांच के दौरान पुलिस को बड़ी सफलताएं मिलीं हैं। कई स्थानों पर अवैध शराब भी जब्त की गई है।

# अंडिया–कोलूआ मार्ग पर ट्रैक्टर पलटने से 15 वर्षीय किशोर की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

अंडिया और कोलूआ के बीच शुक्रवार सुबह 11 बजे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे पलट गया। जिसमें ग्राम रखोली निवासी 22 वर्षीय आकाश रघुवंशी और 15 वर्षीय जितनेश राजपूत गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद जितनेश को मृत घोषित कर दिया। आकाश का उपचार जारी है। परिजनों ने बताया कि उन्हें केवल हादसे की सूचना मिली थी, जिसके बाद वे तत्काल अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों के अनुसार दो घायलों को अस्पताल लाया गया था, जिनमें से एक को मृत अवस्था में लाया गया और जांच के बाद उसे मृत घोषित किया गया। हादसे से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### तीन हजार लोगों को भोजन वितरित किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

अखिल भारतीय तारण तरण जैन युवा परिषद आदर्श इकाई विदिशा द्वारा मंडलाचार्य तारण तरण महाराज की 577वीं जन्म जयंती पर माधवगंज चौराह पर भोजन वितरण किया।

इसमें करीब 3 हजार लोगों को भोजन वितरित किया गया। जयंती के अवसर पर जैन समाज के कई लोगों ने देहदान का संकल्प लेते हुए फॉर्म भी भरे।

कार्यक्रम में समाज सेवा और मानव कल्याण की प्रेरणा से समाज की तीन बहनों लता जैन, भारती जैन और पायल जैन ने देहदान का महान संकल्प लेकर सभी के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सकल तारण तरण दिगम्बर जैन समाज के वरिष्ठजन, परिषद के सभी सदस्यों सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को मारी टक्कर

**विदिशा।** भोपाल से अपने गांव चिकली लौट रहे दो बाइक सवारों को एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें चालक शैंकी पंथी पिता घनश्याम पंथी गंभीर रूप से घायल हो गए। शैंकी पंथी भोपाल में मजदूरी करते हैं और परिवार से मिलने घर लौट रहे थे। उनके साथ एक अन्य युवक भी सवार था, जो इस दुर्घटना में घायल हुआ है। घटना के तुरंत बाद संयोग से मौके पर पहुंचे पूर्व डायल 112 चालक मोहित रघुवंशी ने बिना देर किए हालात संभाले। उन्होंने डायल 112 को सूचना देकर दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार दिलवाया। बाद में 112 टीम की मदद से घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया स्थानीय ग्रामीणों ने मोहित रघुवंशी की संवेदनशीलता की सराहना की है। पुलिस अज्ञात वाहन व चालक की तलाश में जुटी है।

# एसडीओपी ने हैदरगढ़ थाने का निरीक्षण कर स्कूल में छात्र- छात्राओं को जागरुक किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶हैदरगढ़

डीजीपी के निर्देश पर गंजबासौदा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शिखा भलावी ने शुक्रवार को हैदरगढ़ थाने का निरीक्षण किया। थाने में दर्ज अपराध माल खाना एवं अन्य व्यवस्थाओं को देखकर निर्देश दिए। वहीं एसडीओपी के द्वारा हैदरगढ़ थाना प्रभारी केके पवार एवं थाना स्टाफ के साथ हाई सेकेंडरी स्कूल हैदरगढ़ पहुंचकर छात्र-छात्राओं को मुस्कान अभियान के तहत की जा रही कार्यवाही एवं छात्र-छात्राओं से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर निराकरण का आश्वासन भी दिया। छात्र-छात्राओं के द्वारा रास्ते में पढ़ने वाली शराब दुकान के कारण समस्याओं से एसडीओपी को अवगत कराया। जिस पर थाना प्रभारी ने उपरोक्त स्थल पर गस्त बढ़ाने का आश्वासन छात्र छात्राओं को दिया।

### मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

लघु वेतन कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम 15 सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। संगठन के अध्यक्ष मुकेश मालवीय ने बताया कि इस संबंध में पहले भी ज्ञापन दे चुके हैं। कार्रवाई न होने पर पुनः स्मरण पत्र प्रस्तुत किया गया है। संघ का कहना है कि पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर एक साथ यह ज्ञापन सौंपे गए हैं। कर्मचारियों ने लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की माँग कर आंदोलन की चेतावनी भी दी।

# बायोगैस संयंत्र से 20 हितग्राहियों और 5 गोशालाओं को मिल रहा लाभ, जैविक खाद 'गौरी रत्न' का उत्पादन बना किसानों की आय और उपज बढ़ाने का साधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

गोवर्धन बायोगैस योजना विदिशा जिले में सतत ऊर्जा और जैविक खेती को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम बन रही है।

ग्राम सुनपुरा स्थित दयोदय गोशाला में स्थापित 85 घन मीटर क्षमता वाले बायोगैस संयंत्र से 20 हितग्राही परिवार और 5 गोशालाएं लाभान्वित हो रही हैं। यह संयंत्र प्रतिदिन लगभग 85 क्यूबिक मीटर मीथेन गैस उत्पन्न कर रहा है, जिसका उपयोग ग्रामीण परिवार भोजन पकाने में और गोशालाएं अपने दैनिक कार्यों में कर रही हैं। दयोदय गोशाला में 1100 से अधिक गौवंश हैं, जिनसे प्रतिदिन लगभग 6 हजार किलो गोबर प्राप्त होता है। संयंत्र में प्रतिदिन 4 टन गोबर की फीडिंग की जाती है, जिससे उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद 'गौरी रत्न' का लगभग 600 किलो उत्पादन प्रतिदिन किया जा रहा है। इस खाद में 400 किलो रॉक फॉस्फेट मिलाकर तैयार किया जाता है और नमी अलग करने के बाद इसे किसानों को 10 रुपए प्रति किलो की दर से बेचा जा रहा है। जैविक खाद की मांग बढ़ने पर गौशाला प्रबंधन इसे व्यावसायिक स्तर पर भी विस्तार देने की योजना बना रहा है। खाद के माइक्रो और मैक्रो न्यूट्रियेंट की जांच के लिए इसे लैब में भी भेजा जा रहा है, ताकि इसे टैग मार्क के साथ किसानों को उपलब्ध कराया जा सके।



**प्रतिदिन हो रही आय**

संयंत्र से प्रतिदिन 3600 लीटर तरल स्लरी भी प्राप्त होती है, जिसे किसान सीधे टैंकरों में भरकर ले जाते हैं। प्रति टैंकर लगभग 2 हजार रुपए की आय गोशाला को हो रही है। इसके अलावा गोशाला परिसर में स्थापित 52 वर्मी कम्पोस्ट इकाइयों से लगभग दो लाख रुपए वार्षिक आय हो रही है। बायोगैस संयंत्र से मिलने वाली गैस की मात्रा 3 घरेलू सिलेंडर के बराबर है, जिससे सुनपुरा की भैरोपुरा बस्ती के 15 घरों और गोशाला के 5 कनेक्शनों से भोजन पकाया जा रहा है।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-5350
सरसों
न्यूनतम भाव-5352
उच्चतम भाव-7831
चना
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव- 5530
मसूर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-7510
ज्वार
न्यूनतम भाव-1700
उच्चतम भाव-5201
मक्का
न्यूनतम भाव-700
उच्चतम भाव- 1519
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2572
उच्चतम भाव-3150
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-3420
गेंहू
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3205
धनिया
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-7250
बटरी
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3000

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 41872 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### नर्मदा परिक्रमा वासियों का सम्मान आज



**गंजबासौदा।** भक्ति दर्शन फाउंडेशन परिवार के तत्वावधान में आयोजित हुई पंद्रह दिवसीय नर्मदा परिक्रमा के पावन पथ की तपो यात्रा पूरी कर लौटे नगर के परिक्रमा वासियों का सम्मान शनिवार को शाम 4 बजे नौलखी मंदिर में आयोजित समारोह के दौरान प्रशस्ति पत्र देकर किया जाएगा। फाउंडेशन परिवार के आयोजकों का कहना है कि कार्यक्रम का उद्देश्य परिक्रमा परंपरा, सनातन संस्कृति और साधकों के तप को सम्मान देना है। नौलखी मंदिर में इन दिनों गीता जयंती सप्ताह के तहत आध्यात्मिक प्रवचन का वाचन भागवताचार्य पंडित भगवान प्रसाद शास्त्री के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुगण शामिल होकर धर्मलाभ ले रहे हैं। आध्यात्मिक गरिमा के बीच यह कार्यक्रम और भी प्रेरणादायी स्वरूप धारण करेगा।

### सड़क किनारे गड्ढे में बाइक गिरने से दंपती सहित बच्ची गंभीर

# ट्रेन की चपेट में आने से दो की मौत कार की टक्कर से दो गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा







शुक्रवार का दिन हादसों के नाम रहा। दो अलग-अलग स्थानों पर ट्रेन की चपेट में आने से एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गई। वहीं चार बकरियां भी ट्रेन की चपेट में आकर काल के गाल में समा गईं। उधर शाम के समय बासौदा गुलाबगंज मार्ग पर कार की चपेट में आकर दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं ग्राम खैरोदा में सड़क किनारे खुदे गड्ढे में बाइक गिर जाने से बाइक सवार पति, पत्नी और बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार दोपहर के समय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। यात्रियों ने तत्काल इसकी सूचना जीआरपी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जांच में मृतक की पहचान वार्ड क्रमांक 21 रजोदा रोड निवासी रमेश कोरी के रूप में हुई। पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दी है। घटना के बाद प्लेटफार्म पर काफी संख्या में लोग जमा हो गए थे। जीआरपी अधिकारी मोहन पटेल ने बताया कि बुजुर्ग की मौत ट्रेन से कटने के कारण हुई है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वह किस ट्रेन की चपेट में आए। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है कि वृद्ध ट्रेन की चपेट में कैसे आया। वहीं दूसरी घटना में माया नट पत्नी पन्नालाल उम्र 60 वर्ष निवासी स्वरूप नगर की दोपहर के समय वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।

उक्त महिला रेल पटरी किनारे बकरियां चरा रही थी, ट्रेन की चपेट में आने से महिला की चार बकरी भी कट गई। वहीं शुक्रवार की देर शाम पूर्व विधायक लीना जैन की कार गुलाबगंज से लौटते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें दो आदिवासी युवकों को गंभीर चोटें आई हैं। पूर्व विधायक गुलाबगंज में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम से वापिस लौट रहीं थी। इसी बीच कानीखेड़ी के पास बासौदा से बाइक पर सवार होकर राजू और एक अन्य युवक अपने गांव नौघई जा रहे थे। तभी वे तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गए। हादसे में घायल नौघई के युवकों के पैरों में गंभीर चोटें हैं, जिन्हे पुलिस ने डायल 112 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद पूर्व विधायक जैन ने शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय पहुंचकर अपना मेडीकल परीक्षण भी कराया। दुर्घटना वाहन की गति तेज होने के कारण बताई जा रही है, बाइक सवार से कार टकराने के बाद वाहन सडक़ से नीचे उतर गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं ग्राम खेरौदा के पास सडक किनारे गड्ढे में बाइक गिरने से सरवन अहिरवार, उसकी पत्नी वंदना और बच्ची सृष्टि को गंभीर चोट लगी। उन्हें 108 पायलट अनु राजपूत, दिनेश लोधी द्वारा त्योंदा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को उच्च उपचार के लिए जिला अस्पताल विदिशा रेफर कर दिया।

## अभिभाषक संघ चुनाव के लिए आए 25 नामांकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अभिभाषक संघ के चुनाव के लिए मतदान 19 दिसंबर को होगा। शुक्रवार को नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि थी, जिसमें विभिन्न पदों के लिए कुल 25 आवेदन प्राप्त हुए हैं। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट राकेश अरोरा ने दी है। नामांकन पत्रों की जांच 29 नवंबर को की जाएगी। उम्मीदवारों के पास 1 दिसंबर तक अपना नाम वापस लेने का अवसर होगा। यदि आवश्यक हुआ, तो मतदान पुराने तहसील भवन के पास स्थित अभिभाषक संघ कार्यालय में सुबह 9:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मतदान के तुरंत बाद मतगणना होगी और परिणाम घोषित किए जाएंगे। नामांकन फॉर्म 26 नवंबर से 28 नवंबर तक जमा किए गए थे। विभिन्न पदों के लिए प्राप्त नामांकन पत्रों का विवरण इस प्रकार है। अध्यक्ष पद के लिए अखिलेश लाहौरी, अमान सिंह राजपूत और नरेंद्र व्यास ने नामांकन दाखिल किया है। उपाध्यक्ष पद के लिए द्वारका प्रसाद (डीपी) किरार और सुनील भावसार उम्मीदवार हैं। सचिव पद के लिए राजेश शर्मा और भूपेंद्र सिंह राजपूत ने आवेदन किया है। सहसचिव पद के लिए सुरेंद्र सिंह राजपूत और सौरभ सक्सैना मैदान में हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए मोहम्मद जावेद कुरैशी,घनश्याम सिंह रघुवंशी, कमाल पाशा माथुर और सिद्धार्थ कुमार जैन ने नामांकन भरा है। पुस्तकालय सचिव पद के लिए अर्जुन सिंह कुर्मी, कमाल पाशा माथुर और गजराज सिंह अहिरवार ने आवेदन किया है। कार्यपरिषद सदस्य के लिए मानक लाल प्रजापति, दिनेश नामदेव, भगवान सिंह राजपूत, नरेंद्र सिंह राजपूत, रूपेश कुशवाह, जवाहर सिंह रघुवंशी और धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी ने नामांकन जमा किया है। कार्यपरिषद सदस्य आरक्षित महिला पद के लिए रुचि जैन और मंजू कुशवाह ने नामांकन जमा किया है।

## छात्रों ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल के होनहार खिलाड़ियों ने मंडीदीप एवं छतरपुर में आयोजित 69 वीं राज्य स्तरीय बॉल बेडमिंटन एवं सॉफ्टबाल प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्था परिवार द्वारा दोनों छात्रों का संस्था में अभिनंदन किया गया। खेल अधिकारी कपिल गौड एवं कोच गजेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि संस्था के छात्र राज शिवहरे ने बाल बेडमिंटन प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह सॉफ्टबाल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिगर दुबे ने भी प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया है। संस्था के दोनों छात्रों को संस्था के डायरेक्टर केएस यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर सुधा यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, प्रभारी प्राचार्य रजनी गुप्ता, कोऑर्डिनेटर प्रियंका अग्रवाल,एनएसएस प्रभारी केपीएस चौहान, सुपार्श जैन, आकाश साहू,विक्रांत सोनी सहित शिक्षक परिवार ने राज्य स्तर पर विजय प्राप्त करने पर शुभकामनाएं प्रदान कीं। इस दौरान संस्था के सभी छात्राओं और खिलाड़ियों ने दोनों खिलाड़ियों का अभिनंदन किया।

## बिजली कटौती को लेकर भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारतीय किसान संघ द्वारा बिजली कटौती को लेकर उप मंडल अधिकारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि सिंचाई का सीजन प्रारंभ हो चुका है और विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कभी लाइन फाल्ट, कभी ओवरलोड के कारण बार बार बिजली की कटौती की जा रही है। जिस कारण किसानों को 10 घंटे बिजली नहीं मिल पा रही है। जिससे किसानों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि किसान की आवश्यकता अनुसार 2 माह का अस्थाई कनेक्शन प्रदान किया जाए। शासन के आदेश अनुसार कुछ फीडरों जैसे, ककरावदा, कालापाठा, सिरनोटा आदि ग्रामों में 10 घंटे दिन में बिजली मिल रही है और कुछ ग्रामों जैसे अंबानगर, उदयपुर, पचमा, गमाकर आदि क्षेत्रों में पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधि मंडल ने स्थानीय विद्युत मंडल के उपमंडल अधिकारी करन सिंह दोहरे को एक ज्ञापन दिया और मांग की है कि समस्त फीडरों पर दिन में 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाए। ग्राम ग्रहणी में 25 हॉर्स पावर के ट्रांसफार्मर पर क्षमता से अधिक स्थाई कनेक्शन होने के कारण बार-बार ट्रांसफार्मर जल रहा है उसकी क्षमता वृद्धि करते हुए 100 हॉर्स पावर का ट्रांसफर रखा जाए। भारतीय किसान संघ का कहना है कि इन दिनों इलाके भर के किसान रबी फसल की बुआई में लगे हैं, कुछ किसानों द्वारा पलेवा किया जा रहा है। वहीं कुछ किसान अपने खेतों में गेहूं, चना, मसूर, धनिया आदि की फसल की बुआई कर चुके हैं, जिसमें सिंचाई कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। लेकिन किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है, जिससे वह परेशान हैं। इस अवसर पर जिला मंत्री महेंद्र सिंह रघुवंशी,जिला कोषाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, तहसील अध्यक्ष भगतसिंह रघुवंशी, तहसील उपाध्यक्ष यशवंत सिंह राजपूत, तहसील मंत्री भवानी शंकर शर्मा उपस्थित रहे।

## गीता जीवन में दिशा देती है, मृत्यु के क्षण में शांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



इस कालिकाल में जीवन और मृत्यु दोनों को मुक्ति मार्ग दिखाने वाला संसार का एक मात्र ग्रंथ गीता है। जीवन में भ्रम हो तो गीता दिशा देती है, और मृत्यु के क्षण में भी यह शांति देती है। शास्त्रकारों ने कहा है कि जीवन में गीता व्यवहार है, मृत्युकाल में गीता उद्धार है। मनुष्य का शरीर भी कुरुक्षेत्र की तरह एक युद्धभूमि है। जहां बाहरी नहीं बल्कि अंतर्युद्ध चलता है। बाहरी शत्रुओं से तो बचा जा सकता है, पर भीतर छिपे काम, क्रोध और लोभ जैसे अदृश्य शत्रुओं से बचना कठिन है।

अर्जुन भी युद्धभूमि में मोह से ग्रस्त होकर विचलित हुआ था, क्योंकि सामने परिवार था, वियोग का भय था। अर्जुन की तरह आज मनुष्य भी भ्रम, भय और मोह से घिरा है। जब वह परिवार, संबंध और संपत्ति को ही सत्य मान लेता है, तब दुख का आरंभ होता है। तभी श्रीकृष्ण ने उसे सचेत किया कि यह संसार नश्वर है। मृत्यु निश्चित है, कोई अमर नहीं आया। तुम धर्मयुद्ध कर रहे हो, सत्ता या अहंकार के लिए नहीं। उक्त उदगार स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में सनातन धर्म सेवा समिति के तत्वावधान में गीता जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे पांच दिवसीय प्रवचन की श्रृंखला में शुक्रवार को द्वितीय दिवस पर गीता मर्मज्ञ भागवताचार्य पंडित भगवान प्रसाद जी शास्त्री ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। शास्त्री ने कहा कि ज्ञान का दीपक जले तभी तत्व ज्ञान का बोध होता है। जब तक मनुष्य के हृदय में ज्ञान का दीपक नहीं जलता, तब तक उसे धर्म और कर्म का वास्तविक बोध नहीं हो पाता, गीता कर्म प्रधान है,कर्म ही मनुष्य का स्वरूप है। उन्होंने कहा कि जब ज्ञान का प्रकाश फैलता है, तभी समझ आता है कि जो दिखाई दे रहा है वह सत्य नहीं और जो दिखाई नहीं देता वही परम सत्य है यानी ईश्वर का तत्व। हम परिवार, संबंध, संपत्ति को अपना मान लेते हैं, जबकि यह कभी हमारा था ही नहीं। यह मोह ही अज्ञान का सबसे बड़ा जाल है।

आज मनुष्य बाहरी जगत में जितना सक्रिय है, उतना ही भीतर के सत्य से दूर है। अज्ञान ही उसके भ्रम और पीड़ा का कारण है। जब तक आत्म ज्ञान नहीं होता, मनुष्य अपने वास्तविक धर्म, कर्तव्य और मार्ग को नहीं पहचान पाता। प्रवचन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। समिति के योगेश अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष गीता जयंती का आयोजन केसी तिवारी पूर्व मार्केटिंग समिति प्रबंधक द्वारा पत्नी स्व. शांति देवी तिवारी की पुण्य स्मृति में संपन्न कराया जा रहा है। महोत्सव के अंतर्गत गीता पर विशेष प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 तक आयोजित किया जा रहे हैं। मृत्यु की अंतिम दहलीज़ पर गीता का एक भी श्लोक आत्मा के लिए मुक्ति का मार्ग खोल देती है। गीता कोई साधारण ग्रंथ नहीं, बल्कि वह दिव्य सेतु है जो आत्मा को परमात्मा से मिलाने का माध्यम बनती है। गीता ही मनुष्य को जीवन में दिशा देती है और मृत्यु के क्षण में परम सत्य की ओर ले जाती है। जिसके कानों में गीता का श्लोक पड़ जाए, समझो उस पर गंगाजल के समान पवित्र कृपा बरस गई।

### केबल लाइन के लिए खोदे गड्ढे में बाइक सवार गिरकर हुआ घायल

**गंजबासौदा।** केबल डालने के लिए बीएसएनएल द्वारा शहर के कई मार्गों की सड़कों पर गड्ढे किए जा रहे हैं, जो दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। रात्रि के समय वाहन चालकों को खोदे गए गड्ढे नहीं दिख रहे है, गुरुवार को रात्रि के समय बाहलोट बाइपास के पास केबल के लिए खोदे गए गड्ढे में एक मोटरसाइकिल सवार गिरकर घायल हो गया। जिसे आसपास के नागरिकों ने बड़ी मुश्किल से गड्ढे से बाइक सहित बाहर निकाला और उपचार के लिए शासकीय जनचिकित्सालय भेजा।

## वाचनालय पाठक संघ ने जयंती व पुण्यतिथि मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में महापुरुषों की जयंती एवं पुण्यतिथि का आयोजन किया गया। जिसमें समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि, हरिवंश राय बच्चन की जयंती और शिव मंगल सिंह सुमन की पुण्य तिथि मनाई गई। पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने उन्हें महान व्यक्ति बतलाया। वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने ज्योतिबा फुले को महान समाज सुधारक महिला, शिक्षा को बढावा देने वाला बताया। वहीं शिव मंगल सिंह सुमन और हरिवंश राय बच्चन को देश का महान कवि और साहित्यिक प्रतिभा का धनी बताया। इस अवसर पर डॉ. अशोक रोहले, सतीश शिल्पकार, लायंस क्लब के विजय अरोरा ने भी उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी। पंडित ओमप्रकाश, पूर्व पार्षद चंद्रप्रकाश अग्रवाल, उत्तम सोनी, राघव पिंगले ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर मोहन सैनी, कैलाश नेमा, पवन जैन सहित अनेक पाठकगण उपस्थित थे। आभार सतीश शिल्पकार ने व्यक्त किया। अंत में दो मिनिट का मौन धारण कर महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### हम पढ़ लिखकर शिक्षित तो हो जाएंगे लेकिन अनुभव कहां से लाएंगे

# विद्यालयों में नैतिक मूल्यों के ज्ञान का अभाव है: रुकमणी दीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा संगम गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन अभियान के अंतर्गत एक्सीलेंस हायर सेकेंडरी स्कूल एवं गर्ल्स हायर सेकेंडरी मंडी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं प्राचार्य एमसी शर्मा सहित सभी बच्चों ने इस कार्यक्रम का लाभ लिया। ब्रह्मकुमारी रुकमणी दीदी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यालयों में नैतिक मूल्यों के ज्ञान का अभाव है। एक समय था जब श्रवण कुमार ने अपने माता-पिता को अपने कन्धों पर उठाकर सभी तीर्थ यात्रायें कराई लेकिन आज के श्रवण कुमार अपने वृद्ध माता पिता को ऑटो में बिठाकर कहीं भी अनजान जगह छोड़कर आ जाते हैं। यहाँ कई प्रकार के समाजसेवी हैं जो देश और दुनिया में कई प्रकार की समाज सेवा कर रहे हैं लेकिन आज जरूरत है सभी को जागरूक करने की, आध्यात्मिक ज्ञान की, जो लोगों के अंदर के मूल्यों को जगाये।

आखिर कितने वृद्धाश्रम खोले जायेंगे, कितने समाज सेवी संस्थाएं खोली जाए। जरुरत है एक ऐसे ज्ञान की जो लोगों को लाचार और बीमार होने से बचाय जिस दिन हम सभी समाज सेवियों के अंदर आध्यात्मिक चेतना और नैतिक मूल्य आ जायेंगे उस दिन समाज भी गुलाब की खुशबू से महकेगा। हमें बड़े बुजुर्गों का सम्मान भी करना चाहिए एवं उनके अनुभवों से सीख लेकर अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाना चाहिए। हम पढ़ लिखकर शिक्षित तो हो जाएंगे लेकिन अनुभव कहां से लाएंगे तो वह अनुभव हमें अपने बड़े बुजुर्गों से मिलते हैं हम उनके पास बैठे उन्हें समय दें और उनके जीवन से कुछ सीख अवश्य लें जो आगे हमें काम आए एवं बताया कि बुजुर्ग ही हमारे घर के वैद्य भी होते हैं कुछ भी बीमारी हो समस्या हो तो वह तुरंत ही उसका हल हमें बता देते हैं इसलिए बुजुर्गों का साथ कभी ना छोड़े वह हमारे लिए एक आधार है। अगर आधार टूटा तो जीवन खतरे में है इसीलिए उन बुजुर्ग माता-पिता, दादा दादी, नाना नानी, सभी का सम्मान करें जिन्होंने हमारे जीवन को इतने आगे तक बढ़ाया हमें आगे बढ़ाने में इतना ऊंची पढ़ाई पढ़ने में जिनका भी सहयोग रहा, उनका हम धन्यवाद अवश्य करें।

ब्रह्मकुमारी रेखा दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि अगर वृद्ध नहीं होते तो आज हम यहां कैसे होते उनकी वजह से हम हैं वह है तो हम हैं। उनकी प्रॉपर्टी ,उनका मान, सम्मान उससे ही आज हमारा नाम है, हम उनका सदा सम्मान करें। उनका कहना माने और अपने घर को श्रेष्ठ संस्कारों से सजाकर स्वर्ग समान बना दें। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य एम सी शर्मा ने कहा कि अगर आपको धरती पर स्वर्ग देखना है तो माउंट आबू धरती का सबसे अच्छा और जीते जी देखने वाला स्वर्ग है।

### छेड़छाड़ करने वाले युवकों को जेल

**गंजबासौदा।** कॉलेज से गांव लौट रहीं छात्राओं से छेड़छाड़ करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छात्राएं रोज की तरह बस से गांव लौट रही थीं। लालपठार ओवरब्रिज के पास गगन और अभिषेक ने बस को रोक लिया। दोनों युवकों ने बैटरी लेकर छात्राओं को इशारे किए। छात्राओं ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद दोनों युवकों को गिरफ्तार किया गया, उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया।

## मुन्नालाल शास्त्री गीता जयंती जिला प्रभारी बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



जिले में गीता जयंती का आयोजन ऐतिहासिक, भव्य और प्रेरणादायी स्वरूप में मनाए जाने के लिए मध्य प्रदेश शासन के परशुराम बोर्ड द्वारा जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में नगर के पंडित मुन्नालाल शास्त्री को गीता जयंती आयोजन का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। आगामी 1 दिसंबर को गीता जयंती जिले सहित राज्य भर में भव्य स्तर पर मनाई जाएगी। शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष गीता जयंती पर जिले में होने वाले सभी कार्यक्रमों के समन्वय एवं संचालन के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है जिसका प्रभारी श्री शास्त्री को बनाया गया है। परशुराम बोर्ड तथा अंतरराष्ट्रीय विश्व गीता प्रतिष्ठान के संयुक्त मार्गदर्शन में जिले का मुख्य कार्यक्रम रवीन्द्र नाथ टैगोर भवन में कलेक्टर के निर्देशन में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही जिले की सभी तहसीलों में भी गीता जयंती महोत्सव समान रूप से आयोजित होंगे। कार्यक्रमों के अंतर्गत विद्यालयों के छात्र-छात्राएं श्रीमद् भगवद्गीता के 15 वें अध्याय का सामूहिक पाठ करेंगे, जिससे अध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों का व्यापक संदेश समाज तक पहुंचे। पंडित मुन्नालाल शास्त्री की इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर कई सामाजिक, धार्मिक एवं व्यावसायिक संगठनों ने शुभकामनाएँ दीं। बधाई देने वालों में राजेश तिवारी, नीलेश अग्रवाल , अभिषेक शर्मा, पुरुषोत्तम भार्गव, दीपक तिवारी, डॉ. आरसी शर्मा, सुरेश तनवानी, ओमप्रकाश चौरसिया, देवेंद्र रघुवंशी, सतीश माहेश्वरी, दीपक दुबे, सबल सिंह राजपूत, किराना व्यापार अध्यक्ष वीरेंद्र जैन, सुरभि शर्मा शामिल हैं।

### रघुवंशी राज्य गौरव सम्मान से सम्मानित



**गंज बासौदा।** जनसेवा, शिक्षा-सहायता, स्वास्थ्य सेवाओं और लोक कल्याण के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए नगर के वरिष्ठ समाज सेवी पूर्व मंडी सचिव गणेशराम रघुवंशी को लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स एवं मध्य प्रदेश के राज्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान समाज के गरीब, जरूरतमंद विद्यार्थियों एवं स्वास्थ्य शिविरों में दी जा रही निरंतर सेवाओं को देखते हुए प्रदान किया गया है।

**खबर संक्षेप**

### आज सैफी लाइब्रेरी में अखिल भारतीय मुशायरा

**सिरोंज।** इंतेसाब पब्लिकेशंस और सद्भावना मंच की ओर से आज सैफी लाइब्रेरी में शाम 6 बजे अखिल भारतीय नातिया मुशायरा और लोलाक नंबर विशेषांक का विमोचन किया जा रहा है। जिसमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश के कई मशहूर कवि भाग ले रहे हैं।

### 147वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर की 156 वीं जयंती के पुनीत अवसर पर उनके पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 147 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ जिसमें 138 रोगियों का निशुल्क रोग स्वास्थ परीक्षण तथा परामर्श डॉ राजेश शुक्ला द्वारा दिया गया। जिसमें योग प्रशिक्षण एवं आहार का आयुर्वेद से संबंधित निशुल्क साहित्य भी वितरित किया गया। जिसमें श्वास 40, रक्त शर्करा 45, यूरिक एसिड 5, बॉडी मांस 30, हीमोग्लोबिन 8 की जांच की गई यह शिविर। शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। जिसमें मकरोनिया, रजाखेड़ी, पथरिया जाट, बिलहरा, तिली, चना टोरिया , बदतूमा, बम्होरी रेगवा, पटकुई एवं विभिन्न अंचलों के लोग शामिल हुए।

## सख्त रवैए के साथ ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा कराया जा रहा नियमों का पालन

# ड्रग इंस्पेक्टर दो दिन से लगातार मेडिकल स्टोरों की कर रहे जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



जिला ड्रग इंस्पेक्टर जॉन प्रवीण कुजूर द्वारा विगत दिनो से सिरोंज नगर में संचालित मेडिकल स्टोरो का निरीक्षण किया जा रहा है।



हाल ही में एक निजी क्लीनिक पर हुई 6 माह के बच्चे की मृत्यु के बाद ड्रग इंस्पेक्टर जॉन प्रवीण कुजूर ने ब्लॉक मेडिकल ऑफिस नीरज पंथी व स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक कर बच्चे की मृत्यु की जानकारी प्राप्त कर क्लीनिको व मेडिकल स्टोरो पर पहुचकर जांच प्रारंभ की। वही ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोर संचालकों को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के तहत कई महत्वपूर्ण नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। इन नियमों का उद्देश्य नकली और प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री रोकना और दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की बात कही।

वही उन्होने कहा कि यदि किसी भी मेडिकल स्टोर पर एक्सपाईरी दवाईयां वाई गई तो मेडिकल संचालक के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होने नगर के प्रत्येक मेडिकल संचालक को समझाइश देते हुए कहा कि मेडिकल संचालक प्रतिदिन अपने स्टोर में रखी दवाईयो को चेक करे व दवाईयां एक्सपाईरी होने के समय में पहले ही उन्हें हटाए। निरीक्षण के दौरान औषधियों के भंडारण, लाइसेंस, बिलिंग एवं रजिस्टर संधारण संबंधी दस्तावेजों की जाँच की गई।

### मेडिकल संचालकों को नियमों का पालन करने की दी हिदायत

जिला ड्रग इंस्पेक्टर जॉन प्रवीण कुजूर कहा कि सभी मेडिकल स्टोर का संचालन वैध लाइसेंस के साथ होना चाहिए और दुकान का संचालन औषधि एवं सौन्दर्य प्रसाधन सामग्री के नियमानुसार ही किया जाना चाहिए। लाइसेंसधारी फार्मासिस्ट की दुकान के संचालन समय में अनिवार्य रूप से उपस्थिति होनी चाहिए। दवाओं की खरीद-बिक्री का उचित रिकॉर्ड-रजिस्टर बनाए रखा होना चाहिए। साथ ही ग्राहकों को दवा खरीदने पर पक्का बिल देना अनिवार्य है, हाथ से लिखी पर्ची वैध रसीद नहीं मानी जाती। वही एक्सपायरी हो चुकी दवाओं को बिक्री वाली दवाओं से अलग रखा जाना चाहिए और उन्हें समय-समय पर नष्ट करने की प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि प्रतिबंधित दवाओं और बिना डॉक्टर के पर्चे के बेची जाने वाली दवाओं की बिक्री पर सख्ती से रोक है। इसलिए मेडिकल संचालक इन सभी नियमो का विशेष ध्यान रखे और नियमो का सख्ती से पालन करें।

## ग्रामीण ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# सरपंच-सचिव द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग कर कराए जा रहे निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

ग्राम पंचायत मूड़राघाट के ग्राम रूपदाखेडी में सरंपच,सचिव द्वारा ग्राम में सीसी सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने को लेकर ग्रामीण कौशल किशोर गुर्जर ने एसडीएम को शिकायती आवेदन देते हुए सड़क निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग की। वही उन्होने बताया कि ग्राम पंचायत मूडरा घाट के ग्राम रुपदाखेड़ी में सरपंच,सचिव के द्वारा सीसी रोड,नाली व डेम तथा सामूदायिक भवन एवं श्री देवनारायण भगवान के मंदिर पर घटिया सामान का उपयोग कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। वही उन्होने कहा कि घटिया सामग्री का उपयोग के कारण कुछ ही दिनों बाद रोड फटने लगा है। साथ ही नाली गिर रही है व सामूदायिक भवन का प्लास्टर नहीं होने से दीवालों में भी दरारे हो गई है और डेम भी फूट गया है। जिससे ग्रामवासियों को काफी परेशानी हो रही है।

सरपंच, सचिव से कहने पर सचिव द्वारा कहा गया कि मुझे 15 साल इसी पंचायत में हो गई है। मुझसे किराये के पैसे ले जाओ और कहीं भी शिकायत करो हमारा कुछ नहीं करा सकते हमने जो काम किया है जैसा भी किया है सही है हम आगे भी ऐसा ही काम करेंगे तुमको दिखे से करो। वही मेरी शिकायत करो तो सोच समझकर करना क्योंकि में सरकारी कागज फाड़कर तुम्हे किसी भी झूठे केस में



फंसवाकर जेल भिजवा सकता हूं। ग्राम पंचायत सचिव की धमकी व ग्राम में हो रहे घटिया निर्माण की जांच की मांग को लेकर ग्रामीण ने एसडीएम से गुहार लगाई।

### अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने पं प्रशांत पालीवाल



**सिरोंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता जनपद सदस्य पं प्रशांत पालीवाल को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्ति किया गया। उक्त नियुक्ति अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश तिवारी व महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी श्रीमति माया इंदु तिवारी द्वारा की गई। वही पं प्रशांत पालीवाल ने अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा में दायित्व देने के लिए प्रदेश अध्यक्ष मुकेश तिवारी व इंदु तिवारी का आभार व्यक्त किया।

## बोरा में 90 नहीं, 142 किलो निकला सोयाबीन, सिरोंज मंडी का वजन घोटाला उजागर

# सिरोंज मंडी में खुली लूट तुलाई के नाम पर घोटाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

**शुक्रवार को ग्राम चित्तौरा के एक किसान धर्मकांटा कराकर 9.50 क्विंटल सोयाबीन लेकर सिरोंज मंडी पहुँचा। लेकिन मंडी में तुलाई के नाम पर किसान की उपज 9 क्विंटल 15 किलो दिखा दी गई।**

यानी 35 किलो की सीधी चोरी किसान की आंखो के सामने ही हो गई। वही जब किसान ने इसका विरोध किया तो तुलावट,हम्माल और दलाल सभी उस पर ही हावी हो गए। वही किसान के अनाज की चोरी की सूचना जैसे ही किसान कांग्रेस नेता सुरेन्द्र रघुवंशी को मिली तो वह मौके पर पहुचें और दोबारा तुलाई कराई तो 35 किलो का साफ-साफ घपला पकड़ा गया।

हैरानी की बात तो यह है कि मंडी कर्मचारियों ने वहीं खड़े-खड़े कहा कि एक बोरा में 1 क्विंटल आता ही नहीं, 90 किलो ही भरता है। लेकिन मौके पर बोरा भरवाया तो वह एक क्विंटल 42.5 किलो निकला। वही उन्होने कहा कि किसान पहले ही खाद-यूरिया के लिए परेशान थे, अब मंडी में लूट ने हालात और खराब कर दिए हैं। जिम्मेदार अधिकारी और रसूखकदार तुरंत संज्ञान लें। किसानों की मेहनत की कमाई यू लूटी नहीं जानी चाहिए।

# 1201 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ, शिविर में 102 आयुष्मान कार्ड बनाए गए




हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

केंद्रीय किसान कल्याण तथा कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में गुलाबगंज में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

स्वास्थ्य शिविर में 1201 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है जिसमे 617 महिलाओं एवं 584 पुरूष शामिल हैं। इस शिविर में विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई हैं। साथ ही शिविर में 102 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये हैं। शिविर में 18 मरीज केट्रेक्ट ऑपरेशन के पाए गए, जिनके ऑपरेशन मेडिकल कॉलेज में किये जाएंगे। नाक, कान, गला विभाग में 4 ऐसे मरीज पाए गए जिनमें 2 वेल्स पॉलिसी के एवं 2 मरीजो को बैरा टेस्ट के लिए बुलाया गया है। स्त्री रोग विभाग में 9 मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा, जिसमें से 4 मेडिकल कॉलेज एवं 5 जिला चिकित्सालय विदिशा में ऑपरेशन किए जाएंगे। मेडिसिन विभाग में 40 मामले उच्च रक्तचाप वाले पाए गए और 12 मधुमेह के पाए गए जिन्हें ईको कार्डियोग्राफी के लिए मेडिकल कॉलेज बुलाया गया है। 1 मनोरोग मरीज को मेडिकल कॉलेंज बुलाया गया। 309 लोगों की खून की जांच की गई। 179 लोगों की टीबी की जांच की गई और 17 लोगों की जिला मेडिकल बोर्ड में जांच की गई जिनमें से 12 लोगों के दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाए गए।

### एक वर्ष में विदिशा जिले को बाल विवाह मुक्त बनेगा लिया संकल्प

**विदिशा।** त्यौदा हायर सेकंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को आगे बढ़ाते हुए, जिला समन्वयक दीपा शर्मा और कम्युनिटी सोशल वर्कर्स ने छात्रों के साथ विभिन्न जागरूकता गतिविधियां कीं। कार्यक्रम में छात्राओं ने हाथों पर मेहंदी के माध्यम से संदेश लिखकर बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली। दीपा शर्मा ने बताया कि विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन ने पूरे जिले को आगामी एक वर्ष में बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। यह प्रयास भारत सरकार की 100 दिवसीय विशेष कार्ययोजना से प्रेरित है, जिसके अंतर्गत संगठन सरकारी तंत्र के साथ मिलकर गांव–गांव जागरूकता बढ़ाएगा। 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के एक वर्ष पूर्ण होने पर जिले में रैलियां, शपथ कार्यक्रम और स्कूल–कॉलेजों में संवाद आयोजित किए गए। लोगों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल विवाह कराने में शामिल कैटरर्स, टेंट हाउस, बैंड, पुरोहित और मेहमान भी कानूनी कार्रवाई के दायरे में आते हैं। यह संगठन 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन नेटवर्क' का हिस्सा है।

## जिपं अध्यक्ष की भतीजी को आशीर्वाद देने पहुंचे शिवराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

केंद्रीय कृषि मंत्री एवं सांसद शिवराज सिंह चौहान ने जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी की भतीजी रिमी रघुवंशी की शादी की पूर्व संध्या पर शेरपुर स्थित दिलीप रघुवंशी के निवास पहुंचकर आशीर्वाद प्रदान किया।

इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन भी उपस्थित रहे। चौहान ने रिमी को सुखी दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विवाह भारतीय संस्कृति का पवित्र बंधन है, जो परिवार और समाज को मजबूत बनाता है। उन्होंने ग्रामीण विकास में रघुवंशी के कार्यों की सराहना करते हुए



महिलाओं के सशक्तिकरण को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया। विधायक टंडन ने भी नवविवाहिता को शुभाशीष दिए और कहा कि मंत्री का आगमन परिवार के लिए सौभाग्य का क्षण है। कार्यक्रम में परिवारजन, स्थानीय कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम विजय टाकीज चौराहे पर होगा संपन्न

**सागर।** हर माह के अंतिम रविवार को होने वाले मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम का आयोजन इस नवंबर माह के अंतिम रविवार को महाराणा प्रताप प्रतिमा, विजय टाकीज चौराहे पर युवा नेता चैतन्य कृष्ण पांडे के करकमलों से संपन्न होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव और सेवादल प्रदेश महासचिव विजय साहू उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक सिंटू कटारे ने सभी कांग्रेस जनों, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एन एस यू आई, यंग ब्रिगेड, नगर निगम पार्षदों और सेवादल परिवार के परिजनों से कार्यक्रम में 30 नवंबर दिन रविवार

### संपर्क क्रांति के स्टॉपेज को मिल गई स्वीकृति

**विदिशा।** सांसद एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रयास से केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को विदिशा स्टेशन पर स्टॉपेज की स्वीकृति दे दी है। इस निर्णय से विदिशा सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को अत्यधिक सुविधा मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही जन मांग पूरी हुई है। विधायक मुकेश टंडन ने सांसद शिवराज सिंह चौहान एवं केंद्रीय रेल मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। सांची रेलवे स्टेशन पर चेन्नई सेंट्रल माता वैष्णों देवी कटरा अंडमान एक्सप्रेस और विदिशा रेलवे स्टेशन पर यशवंतपुर हजरत निजामुद्दीन कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के ठहराव को स्वीकृति दे दी गई है।

### बण्डा में न्यायिक अधिकारीगण हेतु निर्मित आवासगृह का लोकार्पण

**सागर।** लोक निर्माण विभाग (भवन) संभाग सागर द्वारा तहसील बण्डा में न्यायिक अधिकारीगण हेतु निर्मित 01 डी टाईप, 02 ई टाईप एवं 02 एफ टाईप आवासगृह का निर्माण कार्य की लागत राशि रू. 416.96 लाख का लोकार्पण न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा मुख्य न्यायाधिपति, उच्च न्यायालय जबलपुर, न्यायमूर्ति द्वारकाधीश बंसल न्यायाधीश उच्च न्यायालय जबलपुर एवं पोर्टफोलियो न्यायाधीश जिला सागर द्वारा वर्चुअल माध्यम से महेश कुमार शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र

## मुख्य मार्ग पर कंडम हालात में महीनों से खड़ी एंबुलेंस शासन की योजना पर उठा रही सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिला अस्पताल के अंदर कई एंबुलेंस यहां वहां खराब हालत में खड़ी हुई हैं। वहीं सीएमएचओ कार्यालय में भी ऐसे ही हाल हैं।

यहां तक तो ठीक लेकिन एक एंबुलेंस विवेकानंद चौराहे के पेट्रोल पंप के सामने शहर के मुख्य मार्ग पर कई महीनों से सड़क किनारे खड़ी है, जिस पर धूल चढ़ चुकी है। सड़क पर जगह घेरे खड़ी एंबुलेंस यहां किसने खड़ी की है इसकी किसी को



जानकारी नहीं है। मुख्य मार्ग होने के कारण यहां पर अन्य वाहनों की पार्किंग में परेशानी हो रही है और पेट्रोल पंप के सामने रुकने वाले वाहन बीच सड़क पर खड़े हो जाते हैं, जिससे जाम की स्थिति बनती है।

### कुरवाई पुलिस ने एक नाबालिग बरामद की

**विदिशा।** कुरवाई पुलिस ने 23 नवंबर को 14 वर्षीय बालिका के गुम होने की शिकायत दर्ज की थी। मामला दर्ज कर तत्काल खोजबीन शुरू की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह और थाना प्रभारी पंकज गीते के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बालिका को सुरक्षित परिजनों को सौंपा।

# दो संघों का हुआ मिलन, एक साथ आहार चर्या पर निकले मुनिराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नगर में विराजमान आचार्य विद्यासागरजी महाराज के शिष्य निर्यापक श्रमण मुनिश्री संभव सागर महाराज स संघ एवं आचार्य विभव सागर महाराज के शिष्य श्रमण मुनि विभस्वर सागर, श्रमण मुनि शुद्धपयोग सागर, श्रमण मुनिश्री सागर तथा श्रमण मुनि श्रम सागर महाराज स संघ का मंगल मिलन स्टेसन जैन मंदिर में हुआ।

प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि दोनों संघों के श्रमणों ने मुनिश्री संभव सागर महाराज की बंदना की और सभी




सात मुनि एक साथ मंचासीन हुए तथा संयुक्त रूप से आहार चर्या के लिए निकले। इस अवसर पर मुनिश्री संभव सागर महाराज ने कहा कि विदिशा का यह तीव्र पुण्य है कि नगर में पहले से तीन मुनिराज विराजमान थे और अब चार और तरुण मुनिराज विदिशा पहुंचे हैं, जिनमें कुछ की आयु मात्र 21–22 वर्ष है। उन्होंने कहा कि जैसे प्राचीनकाल में भगवान शीतलनाथ स्वामी के समवसरण में अत्यल्प लोग ही प्रवेश पा सके थे, उसी प्रकार आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महाराज के समवसरण जैसे दुर्लभ अवसर भी सीमित लोगों को ही प्राप्त होते हैं। विदिशा का सौभाग्य है कि यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को गुरुदेव के दर्शन, आहार दान और धर्मोपदेश का लाभ मिला, जिससे अनेक जीवनों में सकारात्मक परिवर्तन आया। मुनि श्री ने नेमावर के वे प्रेरक क्षण भी स्मरण किए, जब आचार्य श्री के परामर्श से राम मंदिर निर्माण समिति ने मार्गदर्शन प्राप्त किया था।

# जनता की जिदंगी बदलना है: चौहान

## कार्यक्रम में लोकार्पण शिलान्यास व हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुलाबगंज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर लोकार्पण, शिलान्यास और हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया है।

केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि हर बहन लखपति बने इसके लिए जिले में विशेष पहल की जाएगी ताकि स्वसहायता समूह के माध्यम से विदिशा जिला माडल के रूप में जाना जा सकें। उन्होंने कहा कि हर भाई बहन



का पक्का घर हो इसके लिए विशेष पहल जिले में की जा रही है। अब कोई गरीब कच्चे मकान में नही रहेगा इसके लिए विभिन्न योजनाओं के तहत शेष हितग्राहियों को सर्वे उपरांत पक्के आवास आवंटन की कार्यवाही की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आयोजित शिविर को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि परीक्षण के दौरान अति गंभीर बीमारियों से ग्रस्त पाए जाने वाले मरीजों के लिए इलाज के विशेष प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और अन्य अतिथियों के द्वारा 38.29 करोड की लागत से पूर्ण कराए जाने वाले निर्माण कार्यो का निर्माण, शिलान्यास किया है जिसमें बासौदा एवं विदिशा विधानसभा क्षेत्र के कुल 22 निर्माण कार्य जिनकी लागत 34.21 करोड़ है का भूमिपूजन किया है और 4.08 करोड़ की लागत से पूर्ण कराए गए चार निर्माण कार्यो का लोकार्पण किया है।

» जिला सहित प्रदेश एवं अन्य राज्यों में 6 जिले की 20 टीमें कर रहीं थीं आरोपी की तलाश 400 पुलिस कर्मी चप्पे चप्पे पर रहे तैनात

भोपाल के गांधीनगर इलाके में बेखौफ घूम रहा था, शॉर्ट एनकांउटर में घायल हुआ आरोपी

» प्रेस कॉफ्रेंस में आईजी ने बताया दरिंदे को पनाह देने वालों की पुलिस हर एंगल से कर रही जांच, कोई बख्शा नहीं जाएगा

# 6 दिन बाद धराया दुराचारी 'सलमान', पकड़े जाने के बाद पुलिस ने किया शॉर्ट एनकाउंटर

» भोपाल के गांधी नगर इलाके में किराए का मकान ढूंढ रहा था आरोपी, मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने धरदबोचा

» *कीरत नगर के पास पुलिस वाहन पंचर होने के बाद दूसरी वाहन में शिफ्ट करते समय आरोपी ने पुलिस पर किया हमला*

» पुलिस ने जबावी कार्रवाई करते हुए आरोपी पर किए फायर, दाहिने पैर में लगी गोली, हमीदिया अस्पताल में चल रहा है उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले के गौहरगंज तहसील के ग्राम पांजरा में 21 नवंबर को एक हृदय विदारक घटना हुई, जिसमें एक दरिंदा सलमान नामक युवक ने 6 वर्ष की नन्हीं गुड़िया के साथ दरिंदगी को अंजाम दिया तथा आरोपी फरार हो गया। 6 दिन तक पुलिस से लुकाछिपी का खेल खेलते हुए आरोपी आखिरकार भोपाल के गांधी नगर इलाके से गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने धरदबोचा।

आईजी मिथिलेश शुक्ला, डीआईजी प्रशांत खरे, एसपी आशुतोष गुप्ता ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पुलिस द्वारा आरोपी को गौहरगंज लाते समय गाड़ी का टायर पंचर हो गया, जैसे ही पुलिस कर्मी आरोपी को दूसरे वाहन में शिफ्ट कर रहे थे, उसी दौरान सलमान से झपटकर पुलिस कर्मी की पिस्तोल छुड़ा ली और भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी की, तब तक आरोपी दो फायर कर चुका था। पुलिस ने भी आत्मरक्षा के लिए जबाव में दो फायर किए, जिससे आरोपी सलमान के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया। आरोपी को भोपाल के 1250 अस्पताल में लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।




## ये रहा घटनाक्रम



इस मामले का खुलासा करने के लिए 6 जिलों से 20 पुलिस अधिकारियों की टीम गठित की थी। उन्होंने संभावित ठिकानों पर तलाशी की और उसके रिश्तेदारों से पूछताछ की। भोपाल सहित आसपास के जिलों में और प्रदेश के बाहर के क्षेत्र में तक तलाश की गई थी। आरोपी सलमान को पुलिस ने गांधी नगर की एक चाय की दुकान से चाय पीते बीती रात पकड़ा। इसके बाद उसे मौके पर पांजरा लेकर जा रहे थे तो कीरतनगर के पास पुलिस वाहन पंचर हो गया। इसी दौरान आरोपी पुलिस को चकमा देकर भागने लगा ।तभी आरोपी ने पुलिस अधिकारी श्याम राज सिंह की सर्विस रिवॉल्वर छीन कर हमले का प्रयास किया। तो पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर से उसे घायल कर दिया ।और इलाज के लिए भोपाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

**गांधी नगर के युवाओं की कहानी**

सोशल मीडिया पर कुछ युवाओं के वीडियों वायरल हो रहे हैं, जिसमें वो कह रहे है कि एक अज्ञात युवक गांधी नगर में किराए का मकान तलाश कर रहा था, उसके पास कोई आडेंटिटी नहीं थी, शक होने पर उन्होंने पर उन्होंने पुलिस को सूचना थी और युवक को चाय की दुकान पर बिठाए रखा। उक्त युवक सलमान की तरह दिख रहा था, जिसे गांधी नगर पुलिस के हवाले कर दिया गया। वहां से गौहरगंज पुलिस को सौंप दिया गया।

भागने की फिराक में था अरोपी

## पुलिस अधिकारी की सर्विस रिवॉल्वर छीन कर किया हमला...

आईजी शुक्ला ने बताया कि आरोपी सलमान को थाना गौहरगंज के भोजपुर क्षेत्र के रास्ते से पांजरा ले जाया जा रहा था। तभी रात्रि करीब 3 बजे कीरत नगर के रास्ते पर पुलिस वाहन का एक टायर पंचर हो गया। पुलिस अधिकारी जैसे ही गाड़ी से उतरा तभी अरोपी ने पुलिस अधिकारी श्यामराज सिंह की पिस्तौल छीन कर फायरिंग की। जिससे एक पुलिस अधिकारी घायल हो गए पुलिस द्वारा आत्मरक्षा के जवाब जवाब में आरोपी के दाहिने पैर में गोली मार दी गई, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। इसके बाद पुलिस अभिरक्षा में पुलिस अफसरों ने आरोपी को ले जाकर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


आरोपी सलमान

## करणी सेना ने की 30 दिन में फांसी देने की मांग



करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष इंदर सिंह राणा शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंचे, उन्होंने एसपी से मुलाकात कर दुष्कर्म के आरोपी को बीच चौराहे पर फांसी देने की मांग की। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी ऐसी घटना हुई थी, जिसमें डेढ़ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया था, कोर्ट ने उसे 40 दिन के अंदर फांसी की सजा सुनाई थी। इसके साथ भी ऐसा ही होना चाहिए।

**फांसी की सजा दिलाने जनआक्रोश रैली**

सकल हिन्दू समाज आरोपी सलमान को फांसी दिए जाने की मांग को लेकर आज शनिवार को शहर में जनआक्रोश रैली निकाली जाएगी। बजरंग दल के जिला संयोजक बद्रीप्रसाद पाराशर ने बताया कि जिलेभर के सकल हिन्दु संगठनों के लोग आज सुबह 11 बजे गर्ल्स स्कूल ग्राउंड में एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ रैली के रूप में मुख्य मार्गो से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे जहां आरोपी सलमान को फांसी की सजा देने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपेंगे। उन्होंने समस्त हिन्दु समाज से शामिल होने की अपील की है।

**जंगल के रास्ते पहुंचा भोपाल**

गौहरगंज का शातिर आरोपी सलमान पूर्व से शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ सीहोर थाने श्यामपुर और भोपाल में जानलेवा हमला, चाकूबाजी, चोरी और डकैती के कई संगीन मामले दर्ज हैं। आईजी शुक्ला ने बताया कि इस घटना ने मानवता को न बल्कि शर्मसार कर दिया था, बल्कि आम नागरिकों हिंदूवादी संगठनों महिलाओं छात्राओं में आक्रोश फैला दिया था। अब स्थिति गौहरगंज में एकदम सामान्य हो चुकी है, दुकाने भी खुल चुकी हैं सारा विरोध भी शांत हो चुका है। उन्होंने बताया कि आरोपी गौहरगंज और सेंचुरी एरिया के घने जंगलों से होता हुआ जबलपुर जयपुर हाईवे पर पहुंचा। उसके बाद वह किसी ट्रक में बैठकर गांधीनगर भोपाल पहुंचा, तभी पुलिस ने घेराबंदी कर उसे धरदबोचा। पुलिस मामले में भारी की से जांच कर रही है। आरोपी इतने दिन कहां रहा किसके यहां रुक कर समय बिताया। इस मामले में आरोपी को पनाह देने वाले पर भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सिलवानी के खमरिया में वन विभाग ने जब्त की मूल्यवान सागौन

**रायसेन।** वन परिक्षेत्र पश्चिम सिलवानी सामान्य के वन परिक्षेत्र अधिकारी महेन्द्र कुमार पालेचा के मार्गदर्शन में वन अमले के साथ मुखबिर की सूचना के आधार पर गत रात्रि परिसर खमरिया में वनक्षेत्र में दबिश दी गई। गत रात्रि में लगभग 8 बजे 3 साईकिल एवं उनमें बंधी हुई 7 नग सागौन 0.252 घनमीटर मय साईकिलों के जप्त की गई जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 18000 रूपये आंकलन किया एवं वन अपराध प्रकरण दर्ज किया। इसी प्रकार 28 नवंबर को खमरिया के अंतर्गत 30 नग सागौन चिरान 0.188 घनमीटर जिसका बाजार मूल्य 20000 हजार आंकलन किया हैं।

## रैली निकाल कहा- बच्ची को मिले न्याय, खरगोन रहा बंद

**बरेली।** खरगोन गोहरगंज थाना क्षेत्र में 6 वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म की घटना को लेकर नगरों ही नहीं ग्रामों में भी जनाक्रोश बना हुआ है।गुरुवार को तहसील के सबसे बड़े कस्बा व्यापारिक केंद्र खरगोन को बंद रखकर घटना पर समाज के सभी वर्ग ने आक्रोश व्यक्त किया खरगोन में जन आक्रोश रैली बाजार से प्रारंभ होकर श्री राम जानकी मंदिर पर समापन हुआ। हिंदू उत्सव समिति व्यापारियों छात्र-छात्राओं ग्रामीणों द्वारा दुष्कर्म पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग करते हुए रैली निकाली रैली के दौरान जमकर नारेबाजी की जाती रही।

## स्कूली बच्चों की मांग, आरोपी सलमान को मिले फांसी

**मांग : बालिकाओं की सुरक्षा के लिए उठाएं कदम**




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

गौहरगंज में एक नाबालिग छात्रा के साथ हुए कथित दुष्कर्म के प्रकरण ने क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बना दिया है। इसी घटना के विरोध में शुक्रवार दोपहर नगर की विभिन्न निजी शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र-छात्राओं ने शांतिपूर्ण लेकिन प्रभावी रैली निकालकर आरोपी सलमान को कठोरतम सजा देने की मांग की।

रैली में ब्रेनिएक्स पब्लिक स्कूल, माँ शारदा हायर सेकेंडरी स्कूल, गुरुकुल हायर सेकेंडरी स्कूल, तथा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के सैकड़ों विद्यार्थी शामिल हुए। रैली अपने-अपने विद्यालय परिसरों से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई नारे लगाते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची। बच्चों ने हाथों में तख्तियाँ थामी थीं, जिन पर न्याय चाहिए, बालिकाओं की सुरक्षा हो, दुष्कर्मियों को सख्त सजा दो आदि संदेश लिखे थे।

एसडीएम कार्यालय पहुँचने के बाद विद्यार्थियों के प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम हर्षल चौधरी को एक संयुक्त ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि गौहरगंज थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपित सलमान को त्वरित न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से फांसी की सजा दी जाए, ताकि समाज में कड़ा संदेश जाए और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लग सके।

**शॉर्ट एनकाउंटर से संतुष्ट नहीं महिलाएं**

## महिलाओं ने कहा - गोली मारो या हमें सौंप दो आरोपी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

गौहरगंज में नन्हीं बच्ची के साथ हुए दुराचार के आरोपी सलमान की गिरफ्तारी और उसके शॉर्ट एनकाउंटर की जानकारी मिलते ही शुक्रवार को नगर में महिलाएं एकत्रित होकर सागर तिराहे पहुंची, जहां उन्होंने आरोपी सलमान का पुतला जलाया और नारे लगाए कि आरोपी सलमान को फांसी दो या हमें सौंप दो।

महिलाओं का कहना था कि वह दुराचारी सलमान के शॉर्ट एनकाउंटर से संतुष्ट नहीं है। उनका कहना है कि आरोपी को उन्हें सौंप दिया जाए, जिससे वह उसके किए गए घिनौने कृत्य की कड़ी से कड़ी सजा दे सकें।

गौरतलब है कि सलमान की गिरफ्तारी एवं शॉर्ट एनकाउंटर के बाद महिलाओं में आक्रोश है।

*खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में होगा प्रदर्शन*

## श्री कृष्ण और जामवंत युद्ध पर बनी लघु फिल्म के पोस्टर का राज्यमंत्री पटेल ने किया विमोचन

**द्वापर में जामगढ़ श्री कृष्ण की ससुराल जामगढ़ में स्मयंतक मणि के लिए हुआ था श्रीकृष्ण-जामवंत युद्ध**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली




तहसील के विंध्याचल पर्वत की तलहटी में वसे ऐतिहासिक प्राचीन ग्राम जामगढ़, भगदेई, गुफा तालाब मंदिरों के लिए संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में ख्याति प्राप्त है। जामगढ़ में आदिमानव कालीन गुफा है। वहीं ऊंची पहाड़ी पर शिव मंदिर और गुफा में 12 महीनों पानी भरा रहता है। एक तालाब के किनारे पत्थर पर पद चिन्ह और अबूझ भाषा का बीजक है। भगदेही में कामाख्या देवी का प्राचीन मठ तालाब किनारे खजुराहो शैली का मंदिर है। शिवलिंग पर सूर्य भगवान की सबसे पहले कीरणे पड़ती और अभिषेक करती हैं।

श्री कृष्णा पर स्मयंतक मणि चोरी का आरोप लगा था रीछराज जामवंत एवं श्री कृष्ण के बीच स्मयंतक मणि के लिए युद्ध हुआ था। जामवंत जी ने अपनी पुत्री जामवंती से श्री कृष्ण का विवाह इसी जामगढ़ की गुफा में किया था इसी कारण जामगढ़ को भगवान श्री कृष्ण की ससुराल कहा जाता है।पिछले दिनों जामबंद की रहस्यमई विशाल गुफा और आसपास लघु फिल्म की शूटिंग भी हुई।

**राज्य मंत्री द्वारा पोस्टर का हुआ विमोचन**

जामगढ़ श्री कृष्ण की ससुराल लघु फिल्म के पोस्टर का विमोचन क्षेत्र के विधायक राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा किया गया।

उक्त लघु फिल्म खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में 16 से 22 दिसंबर तक विश्व स्तरीय प्रदर्शन होगा फिल्म के माध्यम से जामगढ़, भगदेई क्षेत्र के सदियों पुराने दुर्लभ पुरातात्विक महत्व की धरोहर श्री कृष्ण से जुड़े द्वापर कालीन ऐतिहासिक कथा तथ्यों को विश्व स्तर पर पहचान मिलेगी। इसके लिए राज्य मंत्री पटेल द्वारा परिकल्पना और पहल की थी।

**दो दिवसीय मेले में देश-विदेश के बौद्ध अनुयायी करेंगे शिरकत**

## सांची महोबोधि महोत्सव का आज होगा शुभारंभ

» भगवान बुद्ध की जीवन कथा एवं आदर्श नृत्य नाटिका के जरिए मंच पर होंगे जीवंत

» महाबोधि महोत्सव में श्रीलंका के कलाकार लोकनृत्य एवं गायन की देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

भगवान बुद्ध को समर्पित नगरी सांची में दो दिवसीय बौद्ध महोत्सव मेला रविवार से प्रारंभ होने जा रहा है। जिला प्रशासन एवं श्रीलंका महाबोधि सोसायटी द्वारा ने तैयारियां पूर्ण कर ली है। महोत्सव में रविवार को भगवान बुद्ध के प्रिय शिष्य सारिपुत्र और महामोदग्लायन के पवित्र अस्थी कलश मुख्य स्तूप तलघर से बाहर निकाले जाएंगे, जहां अस्थी कलशों की पूजन कर दर्शनार्थ रखे जाएंगे।

इस मौके पर बौद्ध धर्म के देश विदेश के अनुयायी शामिल होंगे तथा विभिन्न भारतीय एवं श्रीलंकाई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जो दो दिन चलेगा।

संचालक संस्कृति एनपी नामदेव ने बताया कि ज्ञान, सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर जीवन में शांति, समृद्धि विश्व के लिए बंधुता का संदेश देने वाले इस समारोह में श्रीलंका के कलाकार लोकनृत्य एवं गायन की प्रस्तुति देंगे तो नृत्य नाटिका के माध्यम से कलाकार भगवान बुद्ध की जीवन कथा एवं आदर्शों को मंच पर जीवंत करते नजर आएंगे।



नामदेव ने बताया कि समारोह का शुभारंभ आज 29 नवंबर को शाम 6.30 बजे होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृति, पर्यटन मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार करेंगे, तो विशेष अतिथि के रूप में स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, विधायक सुरेंद्र पटवा एवं जिला पंचायत, अध्यक्ष यशवंत बबलू सिंह मीणा उपस्थित रहेंगे।

पहले दिन श्रीलंका की ललिता गोमरा एवं दल द्वारा श्रीलंका के लोकनृत्य एवं गायन की प्रस्तुति देंगे। इसके पश्चात भोपाल के पंचशील सांस्कृतिक मंच द्वारा नृत्य एवं गायन की प्रस्तुतियां होंगी। शाम को भोपाल की संघरत्ना बनकर एवं साथी भगवान बुद्ध की जीवन कथा पर केंद्रित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देकर भगवान बुद्ध के जीवन आदर्शों को जन-जन तक सम्प्रेषित करते नजर आएंगे।

भोपाल का द साया बैंड के कलाकार भक्ति संगीत से श्रोताओं को आह्लादित करते नजर आएंगे। समारोह के अंतिम दिन रविवार को श्रीलंका की ललिता गोमरा एवं साथी कलाकार लोकनृत्य एवं गायन के माध्यम से श्रीलंका की संस्कृति को मंच पर आविर्भूत करेंगे। समारोह की अंतिम सभा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की होगी।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले 27 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली




भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कराए जा रहे सर्वे के कार्य को बरेली क्षेत्र अंतर्गत लगाया गए बी एल ओ एवं उनके सहयोगी दलों द्वारा गणना पत्रको के वितरण एवं संग्रहण तथा डिजिटलाइज्ड करने का कार्य किया गया। निर्धारित समय अवधि पूर्व पूर्ण कार्य करने वाले बी एल ओ जिनमें महिला कर्मी भी शामिल हैं जिन्होंने 100 में से 95 प्रतिसत से कार्य पूर्ण कर लिया हो ऐसे 27 बीएलओ को अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार द्वारा तहसील भवन में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर फूल माला भेंटकर सम्मानित किया।

सम्मान समारोह में उपस्थित सभी बीएलओ एवं उनके सहयोगियों की प्रशंसा करते हुए बरेली अनुविभागीय अधिकारी सन्तोष मुद्गल द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य को निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक पूर्ण करने पर आभार व्यक्त किया एवं भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा की।

इस कार्य के संबंध में हमारे द्वारा बीएलओ से चर्चा करने पर बताया कि कार्य महत्वपूर्ण है एवं थोड़ा सा मेहनत का भी है, लेकिन कार्य को प्रथम प्राथमिकता देते हुए दिन-रात एक करके पूर्ण किया गया हालांकि कार्य के दौरान कई बार तकनीकी समस्याओं का भी सामना करना पड़ा। कई बार मतदाताओं को ढूंढने में भी समस्या हुई, परंतु वरिष्ठ अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार, सुपरवाइजर आदि द्वारा हर संभव सहयोग प्राप्त हुआ।